भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1678
16 दिसंबर, 2022 को उत्तर के लिए

ईसीएचएस अस्पताल एवं चिकित्सालय

1678. एडवोकेट ए.एम. आरिफ :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने केरल राज्य में ईसीएचएस अस्पतालों और चिकित्सालयों के कामकाज को सुव्यवस्थित करने के लिए कोई कदम उठाया है ;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;
(ग) क्या सरकार ने बेहतर उपचार प्रदान करने के लिए ईसीएचएस के अंतर्गत अलाप्पुझा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से और अधिक निजी अस्पतालों को सूचीबद्ध करने के लिए कोई कदम उठाया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;
(घ) क्या सरकार को अलाप्पुझा जिले के चेरथला के किसी भी अस्पताल को ईसीएचएस सूचीबद्ध अस्पतालों की सूची में शामिल करने के लिए कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है, यदि हां, तो उस पर क्या कार्रवाई की गई है ; और
(ड.) अलाप्पुझा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में ईसीएचएस सूचीबद्ध निजी अस्पतालों का ब्यौरा क्या है ?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अजय भट्ट)

(क): जी, हां ।

(ख): (i) केरल राज्य में ईसीएसएच के साथ सूचीबद्ध कुल 143 स्वास्थ्य देखभाल संगठन (एचसीओ$_{एस}$) (अस्पताल, नेत्र एवं दंत चिकित्सा केंद्र) हैं ।

(ii) वर्ष 2022 में कुल 06 अस्पतालों को ईसीएचएस के साथ सूचीबद्ध किया गया है।

(iii) क्षेत्रीय केंद्र, कोच्चि द्वारा प्रशिक्षण आयोजित करने एवं ईसीएसएच नीतियों संबंधी जागरूकता प्रसारित करने एवं बिल प्रोसेसिंग हेतु सूचीबद्ध अस्पतालों के साथ नियमित परिचर्चाएं भी की जा रही हैं ।

(iv) डिजिटल इंडिया पहल के भाग के रूप में ईसीएसएच लाभार्थियों की सुविधा के लिए काफी संख्या में प्रक्रियाएं स्वचालित की गई हैं । अस्पतालों में ठहरने, छूट एवं मंजूरी प्राप्त करने संबंधी विस्तार को अब ऑनलाइन कर दिया गया है । सरकारी अस्पतालों में उपचार हेतु पूर्व मंजूरी, रेफरल दोहराव एवं अग्रिम राशि को ऑनलाइन किया जा रहा है ।

(ग): जी, हां । पर्याप्त निजी अस्पतालों को सूचीबद्ध करने हेतु क्षेत्रीय केंद्र (आरसी) ईसीएचएस के साथ-साथ पॉलिक्लिनिक अलाप्पुझा द्वारा निजी अस्पतालों के साथ नियमित विचार-विमर्श किया गया है । निजी अस्पतालों का विवरण निम्नानुसार है :-

(i) सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, थमपोली, अलाप्पुझा ।
(ii) केयर क्राफ्ट हॉस्पिटल, करूवला, अलाप्पुझा ।

(घ): जी, नहीं ।

(ड.): अलाप्पुझा जिले के अंतर्गत निम्नलिखित अस्पताल क्षेत्रीय केंद्र ईसीएचएस कोच्चि के साथ सूचीबद्ध हैं :-

(i) हुडा ट्रस्ट हॉस्पिटल, अलाप्पुझा
(ii) सहृद्वय हॉस्पिटल, अलाप्पुझा
(iii) सेक्रेड हार्ट हॉस्पिटल, अलाप्पुझा
(iv) एमएसजीआर कांडाथिल मेमोरियल कैंसर रिसर्च सेंटर, अलाप्पुझा
(v) चैरहन्या आई केयर हॉस्पिटल, अलाप्पुझा ।

***